भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 2058
सोमवार, 14 मार्च, 2022/23 फाल्गुन, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

बिहार में पारिस्थितिकी पर्यटन को बढ़ावा

2058. श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामीः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास बिहार और कटिहार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पारिस्थितिकी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई प्रस्ताव विचारार्थ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार निजी क्षेत्र को कटिहार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित बिहार में पारिस्थितिकी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई प्रोत्साहन राशि प्रदान कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): इको पर्यटन सहित पर्यटन का संवर्द्धन और विकास, मुख्य रूप से राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय अपनी स्वदेश दर्शन योजना के तहत थीम आधारित परिपथों के पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। देश में स्वदेश दर्शन योजना के इको परिपथ थीम के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय में इस समय स्वदेश दर्शन योजना के तहत बिहार में इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने सम्बन्धी कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ग) और (घ): पर्यटन मंत्रालय अपनी बाजार विकास सहायता योजना के तहत इको-टूरिज्म सहित घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पात्र यात्रा और टूर ऑपरेटरों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

******

अनुबंध

बिहार में पारिस्थितिकी पर्यटन को बढ़ावा के सम्बन्ध में दिनांक 14.03.2022 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 2058 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण।**

देश में स्वदेश दर्शन योजना के इको परिपथ थीम के तहत स्वीकृत परियोजनाओं के विवरण युक्त ब्यौरे:-

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं	राज्य का नाम		परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	निर्मुक्त राशि
1.	उत्तराखंड	इको परिपथ (2015-16)	टिहरी-चंबा - टिहरी झील के आसपास सराय में परिपथ का विकास ।	69.17	65.71
2.	तेलंगाना	इको परिपथ (2015-16)	महबूबनगर जिले (सोमसिला, सिंगोटम, कदलाईवनम, अक्कमहादेवी, इगलनपंता, फराहाबाद , उमा महेश्वरम , मल्लेतीर्थम) में परिपथ का विकास	91.62	87.04
3.	केरल	इको परिपथ (2015-16)	पथानामथिट्टा - गवी - वागामोन - थेक्कडी का विकास ।	76.55	61.24
4.	मिजोरम	इको परिपथ (2016-17)	आइजोल - रॉपुइछिप - ख्वाफवाप - लेंगपुई - डर्टलांग - चटलांग - साकवरहमुइतुएतलांग - मुथी - बेरातलावंग - तुइरियल एयरफील्ड - हमुइफैंग में इको-एडवेंचर परिपथ का विकास	66.37	49.53
5.	मध्य प्रदेश	इको परिपथ (2017-18)	गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध- ओंकारेश्वर बांध- इंदिरा सागर बांध- तवा बांध- बरगी बांध- भेड़ाघाट - बाणसागर बांध- केन नदी का विकास	94.61	79.70
6.	झारखंड	इको परिपथ (2018-19)	दलमा - चांडिल - गेतालसूद - बेतला राष्ट्रीय उद्यान- मिरचैया - नेतरहाट का विकास	52.72	15.07
			कुल	**451.04**	**358.29**

****